MS – 114

**II Semester B.C.A./B.Sc. F.A.D. Examination, May 2016**
**(CBCS) (F + R) (Semester Scheme)**
**HINDI LANGUAGE – II**
**Poetry, Essays and Translation of Terminology**
**(2014-15 & Onwards)**

Time : 3 Hours Max. Marks : 70

I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक** शब्द या वाक्य में लिखिए : **(1×10=10)**

1) कवि विद्यापति दुर्गा माता से कौन सा वरदान मांग रहे हैं ?

2) सूरदास ने अपनी कविता में किसकी लीला का वर्णन किया है ?

3) रहीम के अनुसार किसके संग रहने से सुख होता है ?

4) 'रामायतन' कविता के रचयिता कौन हैं ?

5) "कर्म महत्ता" कविता में सोम क्या बरसाता है ?

6) "मोम-दीप मेरा" कविता में सूरज को किसने देखा ?

7) संध्या सुन्दरी धीरे-धीरे कहाँ से उतर रही है ?

8) पाषाणी की झोपडी किस दिशा में बनी थी ?

9) "जाग तुझको दूर जाना" कविता में नाश पथ पर क्या छोड़ जाने को कहा गया है ?

10) "मोम-दीप मेरा" कविता के रचैयिता कौन हैं ?

II. ससन्दर्भ व्याख्या कीजिए (कोई **एक**). **7**

अ) i) सिखवति चलन जसोदा मैया।
अरबराइ कर पानि गहावत, डगमगाइ धरनी धरे पैया।।
कबहुँक सुन्दर बदन विलोकति, उर आनन्द भरि लेत बलैया।।
कबहुँक कुल देवता मनावति, चिरजीवहु मेरौ कुँवर कंहैया।।
कबहुँक बल कौं टेरि बुलावति, इहिं आँगन खेलौ दोऊ भैया।।
सूरदास स्वामी की लीला, अति प्रताप बिलसत नंदरैया।।

ii) खीरा सिर तें काटिए, मलियत नोन लगाय।
'रहिमन' करूए मुखन को, चहियत इहै सजाए।।

P.T.O.

आ) i) ससन्दर्भ व्याख्या कीजिए (काई एक) : 7

केवल अपने लिये सोचते मौज भरे गाते हो।
पीते, खाते, सोते, जगते, हँसते सुख पाते हो।
जग से दूर स्वार्थ-साधन ही सतत तुम्हारा यश है।
सोचो तुम्हीं, कौन जग जग में तुम-सा स्वार्थ विवश है।।

ii) बांध लेंगे क्या तुझे यह मीम के बंधन सजीले!
पंथ की बाधा बनेंगे तितलियों के पर रंगीले!
विश्व का क्रन्दन भुला देगी मधुप की मधुर गुन-गुन,
क्या डुबा देंगे तुझे ये फूल के दल ओस-गीले।
तू न अपनी छाँह को अपने लिये कारा बनाना।

III. किसी **एक** कविता का सारांश लिखकर उसकी विशेषताएँ बताईए. **16**

1) मोम-दीप मेरा।
2) संध्यासुन्दरी।

IV. टिप्पणी लिखिए (कोई **दो**) : **(5×2=10)**

1) विद्यापति के "गीत" में चित्रित राधा का रूप सौन्दर्य।
2) जाग तुझको दूर जाना कविता का सन्देश।
3) अहल्या और राम का संवाद।

V. निबंध लिखिए (कोई **एक**) : **10**

1) पर्यावरण प्रदूषण।
2) इन्टरनेट क्रान्ति।

VI. निम्नलिखित शब्दों का **हिन्दी** में अनुवाद कीजिए : **(1×10=10)**

1) Sequence
2) Octal number system
3) Emitter
4) Logic circuit
5) Direct current
6) Oscillation
7) Input
8) Circuit
9) Binary Point
10) Potential.

———————